पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राजभवन से ”रन फॉर यूनिटी” रैली को रवाना किया

राज्यपाल ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राजभवन में प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

'रन फॉर यूनिटी' में राजभवन के कार्मिकों के साथ विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भी किया प्रतिभाग

लखनऊः 31 अक्टूबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर राज भवन के बड़े लॉन में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर एकता दिवस के रूप में राज्यपाल जी ने राजभवन से ”रन फॉर यूनिटी” रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली राजभवन के बड़े लॉन से शुरू होकर राजभवन गेट नंबर 02, अटल चौराहा होते हुए, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा से बापू भवन चौराहा होते हुए राजभवन गेट नंबर 08 से प्रवेश कर राजभवन परिसर में संपन्न हुई।

एकता दौड़ में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय, ए0के0टी0यू0 के कुलपति प्रो0 जे0 पी0 पांडेय, राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी, अध्यासितगण, विश्वविद्यालय के अध्यापकगण, छात्र–छात्राएं व राजभवन

स्कूल के बच्चों ने बड़ी संख्या में उत्साह और देशप्रेम के उद्घोष के साथ प्रतिभाग किया।

डा0 सीमा गुप्ता–सहायक निदेशक सूचना
कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9454468250